झारखंड की सरिता कुमारी ने नेशनल ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

चर्चा में क्यों?

3 दिसंबर, 2023 को भारतीय साइकलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और झारखंड साइकलिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में सिदो कान्हु वेलोड्रम स्टेडियम खेलगाँव रांची में आयोजित राष्ट्रीय ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में झारखंड की सरिता कुमारी ने स्प्रिंट इवेंट में स्वर्ण पदक जीता।

प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि भारतीय साइकलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और झारखंड साइकलिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में सिदो कान्हु वेलोड्रम स्टेडियम खेलगाँव रांची में 75वीं सीनियर महिला एवं पुरुष, 52वीं जूनियर तथा 38वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।
- झारखंड की लोहरदगा ज़िला की रहने वाली अंतरराष्ट्रीय साइक्लिस्ट सरिता कुमारी अब तक जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय खेलो इंडिया आदि प्रतियोगिता में कई पदक जीती है।
- सरिता कुमारी ने चंडीगढ़ में 26 से 27 नवंबर, 2022 को आयोजित दो दिवसीय खेलो इंडिया साइकलिंग विमेन लीग में सब जूनियर बालिका वर्ग में मास स्टार्ट स्पर्द्धा साइकलिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा टाइम ट्राइल (10 किमी.) में रजत पदक जीता था।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-s-sarita-kumari-won-gold-medal-in-national-track-cycling-championship